
## एक नजर में

### धमनार के किसान बद्रीलाल धाकड़ ने विकसित की लहसुन की दो उन्नत किस्में



**मंदसौर।** जिले के ग्राम धमनार के प्रगतिशील कृषक बद्रीलाल धाकड़ ने कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र मंदसौर के मार्गदर्शन में लहसुन की दो नई उन्नत किस्में 'धमनार क्रांति' और 'धमनार डायमंड' विकसित कर कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इन किस्मों का विकास स्थानीय जलवायु, मिट्टी और बाजार की मांग को ध्यान में रखकर किया गया है तथा प्रारंभिक परीक्षणों में इनकी उत्पादन क्षमता पारंपरिक किस्मों से अधिक पाई गई है।इस उपलब्धि के अवसर पर कृषक के खेत पर खेत पाठशाला आयोजित की गई, जिसमें कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन स्प्रे, मल्चिंग, ड्रिप व माइक्रो इरिगेशन का प्रदर्शन किया गया और कृषि में करियर संभावनाओं की जानकारी दी गई। नई किस्मों की विशेषताओं में बड़े आकार के आकर्षक सफेद बल्ब, अधिक कलियां, बेहतर स्वाद, अधिक उत्पादन (25 से 35 क्विंटल प्रति बीघा) तथा उत्कृष्ट भंडारण क्षमता शामिल हैं। साथ ही इन किस्मों में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बेहतर पाई गई है। विशेषज्ञों के अनुसार 'धमनार क्रांति' और 'धमनार डायमंड' आने वाले समय में जिले सहित प्रदेश में लहसुन उत्पादन के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर किसानों की आय बढ़ाने में सहायक साबित होंगी।

### शहर के मध्य से गुजरने वाले बिजली के तारों में विभाग ने किया सुधार, त्यौहारों के समय नहीं आएगी समस्या



**मंदसौर।** शहर में आगामी त्यौहारों को देखते हुए मप्र विद्युत विभाग द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर लगे खुले तारों को क्षतिग्रस्त केबलों को बदलने की कार्रवाई शुक्रवार को गई। बीपीएल चौराहा स्थित शहरी ग्रीड के सहायक यंत्री महेश कुमावत ने बताया कि शहर के मुख्य मार्ग पर त्यौहारों एवं जुलूस रैली आदि के आयोजन हेतु सुरक्षित एवं बिना विद्युत व्यवधान के शहर में निरंतर विद्युत प्रदाय की दृष्टि से विभाग द्वारा उक्त कार्य वरीयता आधार पर किया जा रहा है।इसमें शहर के मुख्य मार्ग गांधी चौराहा, नेहरू बस स्टैंड, घंटाघर, धान मंडी, सदर बाजार, काला खेत के मुख्य मार्गों पर उक्त कार्य किया जाना प्रस्तावित किया गया है।इससे शहर में जुलुस, रैली, झांकीयां आदि के समय इन मार्गों की सप्लाई बंद करना पड़ती है अब इस समस्या से शहर वासियों को निजात मिलेगी एवं बार-बार फाल्ट होने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। विभाग द्वारा उक्त कार्य वरीयता आधार पर किया जा रहा है इससे शहर की सुंदरता एवं विद्युत व्यवस्था में विश्वसनीयता बढ़ेगी।

## विधायक ने रखी एसडीपी मशीन की मांग

- विधानसभा में विपिन जैन ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर रखी महत्वपूर्ण डिमांड



**मंदसौर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंदसौर क्षेत्र के विधायक विपिन जैन ने जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मंदसौर में एसडीपी (Single Donor Platelet) मशीन उपलब्ध कराने तथा सोनोग्राफी सेवाओं के सुचारू संचालन हेतु रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की मांग प्रमुखता से रखी।

विधायक जैन ने सदन में कहा कि मंदसौर जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन कई बार आवश्यक संसाधनों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को इंदौर, उज्जैन जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। विशेष रूप से गंभीर मरीजों के लिए एसडीपी मशीन की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है, जिससे प्लेटलेट्स की कमी से जूझ रहे मरीजों को त्वरित उपचार मिल सकेगा।

उन्होंने आगे कहा कि जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी मशीन तो उपलब्ध है, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट की कमी के कारण उसका पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है। यदि विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाती है, तो गर्भवती महिलाओं सहित अन्य मरीजों को समय पर जांच सुविधा मिल सकेगी और उन्हें निजी केंद्रों पर अधिक खर्च करने की मजबूरी से राहत मिलेगी।

विधायक विपिन जैन ने यह भी बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, और इसी क्रम में मंदसौर जिले को इन सुविधाओं से सशक्त करना आवश्यक है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने विधायक द्वारा उठाई गई इस मांग का स्वागत करते हुए कहा कि यदि एसडीपी मशीन और रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति हो जाती है, तो जिले के हजारों मरीजों को सीधे लाभ मिलेगा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

यह पहल मंदसौर जिले के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे आमजन को बेहतर, सुलभ और समय पर उपचार उपलब्ध हो सकेगा।

## योजना बनी आय बढ़ाने का आधार, गोविंद पाटीदार ने पशु आहार इकाई से रचा सफलता का उदाहरण



**मंदसौर।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना जिले के किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। इसी योजना का लाभ लेकर ग्राम गुड़भेली के प्रगतिशील किसान गोविंद पाटीदार ने पशु आहार निर्माण इकाई स्थापित कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है।

उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में उन्हें दिसंबर 2025 में बैंक ऑफ इंडिया, पिपलिया मंडी शाखा से 29 लाख रुपये का ऋण मिला, जिसमें 10 लाख रुपये की सब्सिडी शामिल है। योजना से मिली सहायता से उन्होंने 'गुड़ग्राम पशु आहार' ब्रांड के तहत आधुनिक पेलेट मशीन स्थापित कर प्रतिदिन लगभग 100 कट्टे (50 किग्रा प्रति कट्टा) पशु आहार का उत्पादन शुरू किया।

मक्का, बाजरा, चना, सोयाबीन, उड़द चूरी व राइस पॉलिश से तैयार यह संतुलित पशु आहार किसानों और गौशालाओं को लगभग 1300 रुपये प्रति कट्टा की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार, दूध उत्पादन व फैट में वृद्धि देखी जा रही है।

इस इकाई से स्थानीय स्तर पर 7 लोगों को रोजगार भी मिला है, वहीं किसानों को अब बाहर से महंगा पशु आहार मंगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। श्री पाटीदार ने बताया कि योजना से उन्हें आर्थिक सहयोग के साथ आत्मविश्वास भी मिला है।

किसान कल्याण वर्ष 2026 में यह सफलता कहानी जिले के किसानों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरी है, जो दर्शाती है कि योजनाओं का लाभ लेकर कृषि आधारित उद्योग स्थापित कर आय और रोजगार दोनों बढ़ाए जा सकते हैं।




## पोषण ट्रैकर में हों शत-प्रतिशत पंजीयन

**मंदसौर। सुशासन भवन स्थित कलेक्टर सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने की। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी बी.एल. विश्नोई, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज सहित सभी सीडीपीओ, सुपरवाइजर व विकासखंड समन्वयक उपस्थित रहे।**

बैठक में निर्देश दिए गए कि पोषण ट्रैकर पर एक भी बच्चा पंजीयन से वंचित न रहे तथा सभी पात्र बच्चों को टेक होम राशन, गर्म नाश्ता-भोजन और प्री-स्कूल सेवाओं का लाभ मिले। जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों का पंजीयन 75 प्रतिशत से अधिक करने के लिए विशेष सर्वे अभियान चलाने तथा प्री-स्कूल शिक्षा का प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया गया।

आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उपलब्ध शासकीय भवनों की सूची तैयार करने, पोषण वाटिका एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग विकसित करने तथा सहजन सहित फलदार पौधे लगाने के निर्देश भी दिए गए। गर्भवती एवं धात्री माताओं के पंजीयन के लिए आंगनबाड़ी, आशा व एएनएम के बीच समन्वय बढ़ाने, मैदानी भ्रमण बढ़ाने और सर्वे आधारित कार्य करने पर भी जोर दिया गया।

एक नजर — मंदसौर में काले कपड़ों में जताया विरोध

## महिला कांग्रेस सदस्यों ने फूंका केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का पुतला



**मंदसौर।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के निर्देशानुसार, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव राखी सत्रावाला के नेतृत्व में आज स्थानीय गांधी चौराहे पर मंदसौर महिला कांग्रेस द्वारा केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के विरुद्ध उग्र प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित एपस्टीन फाइल्स में भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम सामने आने के विरोध में आयोजित किया गया था।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों का पालन करते हुए महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता विशेष वेशभूषा में नजर आईं। कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप काले कपड़े पहने थे, गले में 'The PM is Compromised' लगी तख्ती टागकर अपना विरोध दर्ज कराया। शाम 5 बजे आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान महिला शक्तियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग की और उनका पुतला दहन किया।

नेत्रियों ने संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऐसे गंभीर प्रकरणों में भाजपा नेताओं के नाम आना देश के लिए चिंताजनक है। जब तक नैतिकता के आधार पर संबंधित मंत्री का इस्तीफा नहीं हो जाता, महिला कांग्रेस चरणबद्ध तरीके से अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। पूरे प्रदर्शन के दौरान अनुशासन और संख्या बल का विशेष ध्यान रखा गया।

संगठन के विशेष निर्देशानुसार इस प्रदर्शन में केवल महिला कार्यकर्ताओं की ही भागीदारी सुनिश्चित की गई थी। कार्यक्रम के दौरान महिला कांग्रेस के झंडे हाथों में थामे नेत्रियों ने एकजुटता का परिचय दिया। इस अवसर पर मंदसौर ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत, महिला नेत्री अनीता भदोरिया, योगिता बसर, कुमकुम, वर्षा सांखला, लक्ष्मी रैकवार, नम्रता सत्रवाला, रेखा, पूजा माहेश्वरी, ज्योति सैनी, सोनू माली, हेमलता पवार, सोनिया, ममता, हेमा सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

फोटो स्थ्र-5

# नीमच

## एक नजर में

### युवक कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्र सरकार की नीतियों और विदेशी व्यापार डील के खिलाफ जताया आक्रोश





**नीमच।** देश की संपत्ति और किसानों के भविष्य को विदेशी हाथों में सौंपने का आरोप लगाते हुए प्रस्तावित ट्रेड डील तथा युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार शाम युवक कांग्रेस ने नीमच के फोर जीरो भारत माता चौराहा पर जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदर्शन स्थल पर एकत्रित हुए। उन्होंने शर्टलेस होकर और गंजी में केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन का नेतृत्व युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनमोहन सिंह मन्नू बन्ना ने किया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियां किसानों और युवाओं के हितों के विपरीत हैं और देश की संपत्तियों को विदेशी कंपनियों के हवाले करने की साजिश रची जा रही है। युवक कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई युवा नेताओं की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि युवाओं की आवाज़ को दबाने का प्रयास जारी रहा, तो युवक कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन के दौरान भारत माता चौराहा कुछ समय के लिए पूरी तरह आंदोलनमय हो गया और सरकार विरोधी नारों से क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में युवक कांग्रेस के जिला और ब्लॉक पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अमेरिका से नीमच तक पहुंची एपस्टीन फाइल्स की आग, सड़कों पर उतरी महिला कांग्रेस, फूंका केंद्रीय मंत्री का पुतला




**नीमच।** पूरे विश्व में सुर्खियां बटोर रही एपस्टीन फाइल्स की आग अब अमेरिका से लेकर नीमच तक पहुंच गई है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम फाइल्स में आने के बाद नीमच महिला कांग्रेस ने शुक्रवार को सरकार को जमकर घेरा। ऑल इंडिया महिला कांग्रेस के आह्वान पर नीमच महिला कांग्रेस ने विजय टॉकीज चौक पर केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी का पुतला दहन किया। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशा सांभर ने बताया कि जब एपस्टीन फाइल्स सामने आई तो केंद्रीय मंत्री का काला चिट्ठा भी उजागर हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं को तुरंत पद से हटाकर कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। पुतला दहन और प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस के सदस्यों ने नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जताई और सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की।



## जिले के चित्रकार डॉ. राहुल देव लोहार को भोपाल में फिर किया सम्मानित

**नीमच।** जिले की जीरन के एक छोटे से गांव कुचड़ोद के प्रतिभाशाली और चित्रकार डॉ. राहुल देव लोहार को चित्रकला क्षेत्र में निरंतर दिए जा रहे अद्भुत योगदान और विश्व में जिले व प्रदेश का नाम गौरान्वित करने पर क्रम बद्ध प्रदेश के केबिनेट मंत्रीयो द्वारा सम्मानित करते हुए आगामी उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना सन्देश प्रदान किया।

इस दौरान पशुपतिनाथ दरबार की आध्यात्मिक कलाकृति जो की चित्रकार डॉ. राहुल की मौलिक कलाकृति हैं जिसे राहुल ने शुद्ध प्राकृतिक देसी रंगों बनाया हैं उसका भी अवलोकन किया। जिसमे जगदीश देवड़ा उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, गोविन्द सिँह राजपूत केबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन, राकेश सिंह लोक निर्माण मंत्री, विश्वास कैलाश सारंग केबिनेट मंत्री, नारायण सिंह कुशवाह केबिनेट मंत्री, हरदीप सिंह डंग पूर्व केबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक सुवासरा, महिला एवं बाल विकास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, महिला एवं बाल विकास विभाग के मुख्य अधिकारी एस ए विशाल नाड़करणी ने चित्रकार डॉ. राहुल द्वारा निर्मित कलाकृति को सभी मंत्रियों और अधिकारियों ने सराहा और शासन द्वारा सन्देश, शुभकामना, और प्रशंसा पत्र जारी किया। साथ ही बहु कला केंद्र 'भारत भवन' भोपाल के वरिष्ठ कलागुरु एवं अधिकारियों ने भी डॉ. राहुल से शिष्टाचार भेंट की।

इससे पूर्व गत माह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भी राहुल से मिलकर उनकी अनूठी और दुर्लभ कलाकृतियों की प्रस्तुति के लिए विशेष सराहना की थी। राहुल का नाम उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज है। घाना स्थित वेबबिक यूनिवर्सिटी द्वारा राहुक को मानद डॉक्टरेट की उपाधि देकर सम्मानित किया जा चूका है।

मंत्रीगणो द्वारा जारी सन्देश पत्रों में कहा गया है की ग्राम कुंचडौद, तहसील जीरन, जिला नीमच के सुप्रसिद्ध चित्रकार श्री राहुल कुमार लोहार ने भारतीय चित्रकला को अपनी अद्वितीय प्रतिभा से निखारा है। श्री राहुल पारंपरिक भारतीय रंगों का उपयोग कर ऐसे जीवंत और प्रभावशाली चित्र बनाते हैं, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत को गर्व से प्रदर्शित करते हैं। उनके कैनवास, भोजपत्र और ताम्रपत्र पर उकेरे गए चित्र न केवल देवी-देवताओं और आदिवासी कला की समृद्धता दर्शाते हैं, बल्कि भारत के महान वीर जवानों की शौर्य गाथा को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हैं। यह अत्यंत सराहनीय है कि भारतीय मीडिया ने भी उनके उत्कृष्ट योगदान को विशेष सम्मान दिया है।

उनके रचनात्मक प्रयास और कला की निष्ठा न केवल मध्यप्रदेश के लिए बल्कि पूरे भारत के लिए गौरव का विषय हैं। मैं श्री राहुल कुमार लोहार को उनके अद्भुत कला सफर के लिए हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते है। उनकी प्रतिभा सचमुच प्रेरणादायक है और आने वाले वर्षों में और ऊँचाइयाँ छूने की अपार क्षमता रखती है।

## बिना हेलमेट और तीन सवारी वाले चालकों पर किया जुर्माना

- नीमच पुलिस का देर रात चेकिंग अभियान



**नीमच।** जिले में गुरुवार रात को पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल सड़कों पर तैनात रहा। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस ने नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की। मनासा रोड स्थित पीजी कॉलेज के पास नीमच सिटी थाना प्रभारी पुष्पा चौहान अपनी टीम के साथ मौजूद थीं। उन्होंने बिना हेलमेट और बाइक पर तीन सवारी बैठाकर चल रहे चालकों के चालान काटे और उन्हें सुरक्षा संबंधी हिदायतें भी दीं।

### बिना सीट बेल्ट लगाने वालों का भी बनाया चालान

कैंट थाने के बाहर भी ऐसी ही सख्त कार्रवाई की गई, जहां थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाला। पुलिस ने फाल्टी नंबर प्लेट वाले वाहनों, कारों के शीशों पर लगी काली फिल्म और सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले चालकों पर जुर्माना लगाया। पुलिस की इस मुस्तैदी को देखकर कई नियम तोड़ने वाले वाहन चालक गलियों से रास्ता बदलते दिखे, जबकि कुछ पुलिसकर्मियों से मिन्नतें करते नजर आए। देर रात तक चले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना और आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना था। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि यातायात नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एक नजर — गारमेंट सिटी के रूप में विकसित हो सकता है नीमच

## भीलवाड़ा में निवेश को लेकर सेमिनार में नीमच के पास टेक्सटाइल पार्क को लेकर सामने आया प्रस्ताव




**नीमच।** राजस्थान की वस्त्र नगरी भीलवाड़ा में गुरुवार को इन्वेस्ट इन एमपी के तहत 'मध्य प्रदेश में निवेश के अवसर' पर इंटरेक्टिवस सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों और उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने का आमंत्रण दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य राजस्थान के उद्योगपतियों, विशेषकर टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़े निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं से अवगत कराना था।

इसी कार्यक्रम के दौरान उद्योग संगठनों ने नीमच जिले के पास टेक्निकल टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की मांग रखी। उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि राजस्थान का सीमावर्ती जिला होने के कारण नीमच, राजस्थान और मध्यप्रदेश, दोनों के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। भीलवाड़ा से मात्र 110 किमी की दूरी होने और नेशनल हाईवे 42 की बेहतर कनेक्टिविटी के कारण भीलवाड़ा के टेक्सटाइल उद्योंगों की बेहतर पसंद के रूप में नीमच सामने आ रहा है। भीलवाड़ा की औद्योगिक इकाईयों के विस्तार के लिए उद्योग जगत को यह बेहतर विकल्प लग रहा है। उद्योग जगत का कहना यह भी है कि यहां चल रही टेक्सटाइल यूनिट्स यह साबित करती हैं कि नीमच जिले में टेक्सटाइल उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण पहले से मौजूद है। यदि यहां संगठित टेक्सटाइल पार्क विकसित किया जाता है, तो फैब्रिक, सूटिंग, टेक्निकल टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में बड़े निवेश आ सकते हैं।

### टेक्सटाइल सेक्टर में मिलेगी पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी उद्योग-अनुकूल नीतियों, बेहतर लॉजिस्टिक्स और पारदर्शी प्रशासन के कारण निवेश के लिए तेजी से पसंदीदा राज्य बन रहा है। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार टेक्सटाइल सेक्टर में मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान दिलाने की दिशा में काम कर रही है। वहीं बड़े निवेश प्रस्तावों पर विशेष रियायतें दे रही है। उद्योग विभाग उन्होंने खुद अपने पास रखा है और उनकी पूरी टीम तत्परता से जुटी है। कार्यक्रम में राजस्थान और मध्यप्रदेश के जनप्रतिनिधि, उद्योग संगठन, चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े निवेशक उपस्थित रहे।